65वें राष्ट्रीय फिल्म (सिनेमा) पुरस्कार 2018 के विजेताओं की पूरी सूची

राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार 2018:

नेशनल फिल्म डेवलपमेंट कारपोरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 13 अप्रैल 2018 को नई दिल्ली के शास्त्री भवन में 65वें राष्ट्रीय पुरस्कार विजेताओं की घोषणा की गई। 65वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में बंगाली अभिनेता रिद्धि सेन को फिल्म 'नगरकीर्तन' के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार मिला है। दवगंत अभिनेत्री श्रीदेवी को फिल्म मॉम के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री पुरस्कार के लिए चुना गया है। श्रीदेवी का इस साल फरवरी में दुबई के एक होटल में निधन हो गया था।

हिन्दी सिनेमा जगत के मशहूर अभिनेता विनोद खन्ना को वर्ष 2017 के '**दादा साहेब फाल्के पुरस्कार**' के लिए चुना गया है। विनोद खन्ना को फिल्म जगत में उत्कृष्ट योगदान के लिए मरणोपरांत दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। राजकुमार राव की फिल्म न्यूटन को सर्वश्रेष्ठ हिंदी फिल्म का अवॉर्ड दिया गया है, वहीं इस फिल्म में उत्कृष्ट अभिनय के लिए अभिनेता पंकज त्रिपाठी को स्पेशल मेंशन अवार्ड से नवाजा जाएगा। 65वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड में ज्यूरी की अध्यक्षता जाने-माने फिल्म निर्माता शेखर कपूर ने की। भारतीय राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद द्वारा सभी विजेताओं को 03 मई को 65वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा।

65वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार 2018 के विजेताओं की सूची:-

- **सर्वश्रेष्ठ फिल्म:** विलेज रॉकस्टार्स (असमिया फिल्म)
- **सर्वश्रेष्ठ पॉपुलर फिल्म:** बाहुबली 2
- **सर्वश्रेष्ठ एक्ट्रेस:** श्रीदेवी (मॉम)
- **सर्वश्रेष्ठ अभिनेता:** रिद्धि सेन (नगरकीर्तन)
- **सर्वश्रेष्ठ निर्देशक:** जयराज (भयानकम)
- **स्पेशल मेंशन अवार्ड:** पंकज त्रिपाठी (न्यूटन), पार्वती (टेक ऑफ)
- **सर्वश्रेष्ठ क्षेत्रीय फिल्म (हिंदी):** न्यूटन
- **सर्वश्रेष्ठ सर्पोटिंग अभिनेत्री:** दिव्या दत्ता (इरादा)
- **सर्वश्रेष्ठ म्यूजिक डाइरेक्टर:** ए आर रहमान
- **सर्वश्रेष्ठ एक्शन, स्पेशल इफैक्ट्स:** बाहुबली 2
- **सर्वश्रेष्ठ बैकग्राउंड स्कोर:** ए आर रहमान, मॉम

- **सर्वश्रेष्ठ कोरियोग्राफी:** गणेश आचर्या (टॉयलेट एक प्रेम कथा: गोरी तू लठ्ठ मार)
- **सर्वश्रेष्ठ गायक (पुरुष):** येसुदास
- **सर्वश्रेष्ठ गायक (महिला):** तिरूपति
- **दादासाहेब फाल्के अवार्ड:** विनोद खन्ना (मरणोपरांत)
- **नर्गिस दत्त अवॉर्ड:** राष्टीय मुद्दों के लिए सर्वश्रेष्ठ फिल्म मराठी भाषा की 'धाप्पा'
- **सर्वश्रेष्ठ आसामी फिल्म:** ईशु
- **सर्वश्रेष्ठ तेलगू फिल्म:** द गाजी अटैक
- **सर्वश्रेष्ठ मराठी फिल्म:** कच्चा लिंबु
- **सर्वश्रेष्ठ शॉर्ट फिल्म:** मराठी फिल्म मय्यत
- **स्पेशल जूरी अवॉर्ड:** नगर कीर्तन (बंगाली फिल्म)
- **सर्वश्रेष्ठ संवाद:** सम्बिट मोहंती (हैलो अर्सी)
- **सर्वश्रेष्ठ सिनेकला:** भयानकम
- **सर्वश्रेष्ठ कैमरामैन:** निखिल एस प्रवीण
- **सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायक:** कातारु वेलिइदई के लिए शाषा तिरुपति